हरियाणा के राज्यपाल ने श्रीनगर विचार नाग मंदिर का दौरा किया

चर्चा में क्यों?

हाल ही में **हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय** ने श्रीनगर में **प्राचीन वाचर (विचार) नाग शिव मंदिर** का दौरा किया और कश्मीरी नव वर्ष नवरेह के अवसर पर एक विशेष पूजा में **कश्मीरी पंडितों** के साथ शामिल हुए।

मुख्य बिंदु:

- यात्रा के दौरान, उन्होंने **'सप्तर्षि प्रणाली'** के 5,100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कैलेंडर जारी किया।
- **वाचर (विचार) नाग मंदिर** को 1990 के दशक में बंद कर दिया गया था जब बढ़ते उग्रवाद के मद्देनज़र पंडितों ने घाटी छोड़ दी थी।

नवरेह

- यह कश्मीरी हिंदू कैलेंडर के अनुसार चैत्र महीने (मार्च-अप्रैल) के **शुक्ल पक्ष** के पहले दिन मनाया जाता है।
- यह संस्कृत शब्द **'नव-वर्ष' है जिससे 'नवरेह' शब्द बना है।**
- कश्मीरी पंडित नवरेह त्योहार को अपनी **देवी शारिका** को समर्पित करते हैं और त्योहार के दौरान उन्हें श्रद्धांजलि देते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/haryana-governor-visit-srinagar-s-vachar-nag-temple